# प्रतिभावान खिलाडियों की भर्ती

**विज्ञापन सं. 1/2013**

भारतीय रिज़र्व बैंक, अपने विभिन्न कार्यालयों में ''सहायक''/ "कार्यालय परिचारक" के पदों के लिए पात्र खिलाडियों से आवेदन आमंत्रित करता है। चयन ट्रायल और साक्षात्कार के माध्यम से पद के लिए चयन किया जाएगा। पदों का कार्यालयवार विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार जिनकी आयु 18 और 26 वर्ष के बीच है और जिनके पास आवश्यक शैक्षणिक और खेल अर्हताएँ हैं, वे आवेदन करने के लिए पात्र हैं। वर्तमान में, अन्य अनुलब्धीयो को छोडकर सहायक के पद के लिए सकल परीलब्धियाँ ₹ 19,340/- और कार्यालय परिचारक के लिए ₹ 14,378/- हैं।

विज्ञापन की पूरी विषय-वस्तु जिसमें पात्रता के मानदंड, चयन प्रक्रिया, सेवा की शर्तें, आवेदन शुल्क आदि का ब्यौरा शामिल है, बैंक की वेबसाइट **www.rbi.org.in** पर उपलब्ध है । विज्ञापन की पूरी विषय वस्तु **23 मार्च 2013** को/या इसके बाद के इम्पलॉयमेन्ट न्यूज/रोजगार समाचार में भी प्रकाशित की जा रही है। उम्मीदवार आवेदन करने के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे पद हेतु पात्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं। **आवेदनों को स्वीकार करने की अंतिम तारीख 15 अप्रैल 2013 है।**

**भारतीय रिज़र्व बैंक**

**RESERVE BANK OF INDIA**

**www.rbi.org.in**

# भारतीय रिज़र्व बैंक

www.rbi.org.in

## मानव संसाधन प्रबंध विभाग

**विज्ञापन सं. 1/2013**

# भारतीय रिज़र्व बैंक में प्रतिभावान खिलाड़ियों की भर्ती

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई/बैंक) में प्रतिभावान खिलाड़ियों से नीचे बताए अनुसार सहायक/कार्यालय परिचारक के पद के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल के नागरिकों, और भूटान की प्रजा और भारतीय मूल के वे नागरिक जो पाकिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका और पूर्वी अफ्रीकी देशों या केन्या, युगांडा और संयुक्त गणतंत्र तंजानिया से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए है, और जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता प्रमाणपत्र जारी किया जा चुका है, से आवेदन आमंत्रित है:

| क्र. | केन्द्र | रिक्तियों की संख्या | क्रिकेट (पुरुष) | फुटबाल (पुरुष) | बैडमिन्टन (पुरुष) | कैरम (पुरुष) | कैरम (महिला) | टेबल टेनिस (पुरुष) | टेबल टेनिस (महिला) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुंबई | 6 | 2 | 3 | | | | | 1 |
| 2 | कोलकाता | 4 | 2 | 1 | | | | 1 | |
| 3 | चेन्नई | 4 | 2 | 1 | | | | | 1 |
| 4 | नई दिल्ली | 4 | 2 | | 2 | | | | |
| 5 | अहमदाबाद | 3 | 3 | | | | | | |
| 6 | बैंगलुरु | 3 | | 1 | | | 2 | | |
| 7 | हैदराबाद | 3 | | | | | | 2 | 1 |
| 8 | कानपुर/लखनऊ | 3 | 2 | 1 | | | | | |
| 9 | भुवनेश्वर | 3 | | 1 | | 1 | | 1 | |
| 10 | पटना | 3 | 3 | | | | | | |
| 11 | गुवाहाटी | 2 | | | 1 | | | | 1 |
| 12 | जयपुर | 2 | 2 | | | | | | |
| 13 | भोपाल | 2 | | | | | | 2 | |
| 14 | नागपुर | 2 | | | | | | 2 | |
| 15 | तिरुवनंतपुरम | 2 | | 1 | 1 | | | | |
| 16 | चंडीगढ़ | 2 | | | 2 | | | | |
| 17 | जम्मू | 2 | | | 2 | | | | |
| | **कुल** | **50** | **18** | **9** | **8** | **1** | **2** | **8** | **4** |

**2. पात्रता मानदंड :**

(क) आयु (01-03-2013 को) :

आयु 18 और 26 वर्ष के बीच हो, अर्थात उम्मीदवार का जन्म 02/03/1987 से पहले और 01/03/1995 के बाद नहीं हुआ हो।

**उच्चतर आयु सीमा में छूट :**

उच्चतर आयु सीमा में निम्नलिखित वर्ग के उम्मीदवारों को छूट दी गई है :

| | वर्ग | उच्चतर आयु सीमा में छूट |
|---|---|---|
| I. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अजा / अजजा) | 5 वर्ष अर्थात 31 वर्ष तक |
| II. | अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) | 3 वर्ष अर्थात 29 वर्ष तक |

(ख) खेल अर्हताएँ :

निम्नलिखित का प्रतिनिधित्व किया हो :

- i) राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य या देश का **या**
- ii) राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में जिले को **या**
- iii) इन्टर यूनिवर्सिटी बोर्ड द्वारा आयोजित इन्टर यूनिवर्सिटी टूर्नामेन्ट में अपनी यूनिवर्सिटी को **या**
- iv) ऑल इंडिया स्कूल गेम्स फेडरेशन द्वारा स्कूल के लिए आयोजित राष्ट्रीय खेलों/गेम में स्टेट स्कूल टीम को
- v) पिछले दो वर्ष में खिलाड़ी के प्रदर्शन को विशेष महत्व दिया जाएगा
- vi) नियुक्ति के समय उम्मीदवार सक्रिय खिलाड़ी हो और साथ ही आगामी टूनार्मेन्टों में भाग लेने के लिए फिट होना चाहिए

(ग) शैक्षणिक अर्हताएँ (01.03.2013 तक):

**'सहायक' के पद के लिए:**

किसी भी विषय में न्यूनतम स्नातक डिग्री । स्नातक डिग्री नीचे बताए गए भर्ती जोन में स्थित विश्वविद्यालय से होनी चाहिए

**'कार्यालय परिचारक' के पद के लिए:**

नीचे बताए गए भर्ती जोन में स्थित बोर्ड से न्यूनतम 10 वीं पास होना चाहिए

**नोट :**

उम्मीदवार जिस कार्यालय के लिए आवेदन कर रहे हों, उन्हें उसी भर्ती क्षेत्र में स्थित विश्वविद्यालय/बोर्ड से अर्हक परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए ।

| | कार्यालय का नाम | भर्ती क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | अहमदाबाद | गुजरातऔर दमन और दिव संघ राज्य क्षेत्र |
| 2. | बैंगलूरु | कर्नाटक |
| 3. | भोपाल | छत्तीस गढ़ और मध्य प्रदेश |
| 4. | भुवनेश्वर | ओडिशा |
| 5. | चंडीगढ़ | हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र |
| 6. | चेन्नै | तामिलनाडु और पांडिचेरी |
| 7. | गुवाहाटी | असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैन्ड और त्रिपुरा |
| 8. | हैदराबाद | आन्ध्र प्रदेश |
| 9. | जयपुर | राजस्थान |
| 10. | जम्मू | जम्मू और कश्मीर |
| 11. | कानपुर / लखनऊ | उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड |
| 12. | कोलकाता | पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और सिक्किम |
| 13. | मुम्बई | महाराष्ट्र (विदर्भ क्षेत्र शामिल नहीं) गोवा और दादरा व नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र |
| 14. | नागपुर | महाराष्ट्र राज्य का विदर्भ क्षेत्र, मध्य प्रदेश और छत्तीस गढ़ |
| 15. | नई दिल्ली | दिल्ली और हरियाणा |
| 16. | पटना | बिहार और झारखंड |
| 17. | तिरुवनंतपुरम | केरल और लक्षद्वीप द्वीपसमूह |

**3. भर्ती की प्रक्रिया**

अपेक्षित अर्हतावाले उम्मीदवारों को चयन हेतु ट्रायल के लिए बुलाया जाएगा । चयन हेतु ट्रायल में जो उम्मीदवार अपने आवेदित खेल में क्वालिफाई करते है, उन्हें संबंधित सेन्टर पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा । यह भर्ती मुख्यत: खेल आर्हता पर आधारित होगी इसलिए इस कारक के साथ उम्मीदवार की आयु को भी उचित भारांक (वेटेज) दिया जाएगा । चयन पूरी तरह से मेरिट पर आधारित होगा, चयन हेतु ट्रायल और साक्षात्कार संबंधित कार्यालय पर आयोजित किया जाएगा ।

बैंक के पास साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने का अधिकार होगा। उम्मीदवार द्वारा अपेक्षित अर्हताओं को केवल पूरा करने से उम्मीदवार को यह अधिकार नहीं मिल जाएगा कि उसे साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए। योग्य उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची बनाई जाएगी। अंतिम चयन अन्य बातों के साथ, चरित्र और पूर्व-वृत्त के सत्यापन, मेडिकल फिटनेस और खेल प्रमाणमत्रों की वास्तविकता के बारे में बैंक के संतुष्ट होने पर निर्भर होगा ।

आवेदन के साथ अपेक्षित शुल्क संलगन होना चाहिए जो भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में आहरित Account Payee Demand Draft (DD) के रूप में हो और संबंधित केन्द्र जहाँ आवेदन प्रस्तुत करना है उस स्थान पर देय हो। इस विज्ञापन से पहले खरीदे गए डिमान्ड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किए जाएँगें। किसी अन्य माध्यम से किया गया भुगतान अस्वीकार किया जाएगा ।

**4. सेवा की शर्तें :**

**i) वेतनमान और परिलब्धियां**

सहायक

**वेतनमान :**

चयनित उम्मीदवारों को ₹ 8,040 - 410 - 9,270 - 500 - 11,270 - 550 - 13,470 - 650 - 15,420 - 720 - 16,140 - 990 - 20,100 (20 वर्ष) के वेतनमान में आरंभ में ₹ 8,860/- प्रतिमाह (इसमें दो अग्रिम वेतन वृद्धियां शामिल हैं जो केवल स्नातकों को देय होंगी) और समय-समय पर स्वीकार्य अन्य भत्ते अर्थात महंगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता, शहर प्रतिपूर्ति भत्ता, परिवहन भत्ता आदि दिया जाएगा। वर्तमान में सहायकों के लिए आरंभिक मासिक सकल उपलब्धियां लगभग ₹ 19,340/- हैं।

**परिलब्धियां :**

उपलब्धता के आधार पर बैंक का आवास, पात्रता के अनुसार कार्यालयीन प्रयोजनों से वाहन के रखरखाव पर व्यय की प्रतिपूर्ति, अख़बार, ब्रीफकेस, पुस्तक अनुदान, आवास सज्जा के लिए भत्ते आदि । पात्रता के अनुसार ओपीडी इलाज/अस्पताल में रहकर इलाज कराने के लिए मेडिकल व्यय की प्रतिपूर्ति के अलावा डिसपेंसरी सुविधा, ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (स्वयं के लिए, पति या पत्नी और पात्र आश्रितों के लिए दो वर्ष में एक बार) । आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुओं, पर्सनल कम्प्यूटर, आदि के लिए ब्याज की रियायती दरों पर ऋण और अग्रिम। भर्ती कर लिए गए उम्मीदवारों को ग्रेच्युटी के अलावा निश्चित अभिदान वाली नवीन पेंशन स्कीम से नियंत्रित किया जाएगा। इस पद के लिए कुल वेतन और भत्तों के साथ देय परिलब्धियों को मिलाकर (आवास के अलावा) बैंक पर ₹ 2,63,500 वार्षिक की लागत आती है।

**कार्यालय परिचारक:**

**वेतनमान:**

चयनित उम्मीदवारों को ₹ 6,350-220-7,230-260-8,010-300-8,910-400-9,710-500-11,710-680-13,750 (20 वर्ष) के वेतनमान में आरंभ में ₹ 6,350/- प्रतिमाह और समय-समय पर स्वीकार्य अन्य भत्ते अर्थात महंगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता, शहर प्रतिपूर्ति भत्ता, परिवहन भत्ता आदि दिया जायेगा। वर्तमान में कार्यालय परिचारकों के लिए आरंभिक मासिक सकल उपलबधियां लगभग ₹ 14,378/- है।

**परिलब्धियां :**

उपलब्धता के आधार पर बैंक का आवास, पात्रता के अनुसार कार्यालयीन प्रयोजनों से वाहन के रखरखाव पर व्यय की प्रतिपूर्ति, अखबार, पुस्तक अनुदान, आवास सज्जा के लिए भत्ते आदि। पात्रता के अनुसार ओपीडी इलाज/अस्पताल में रहकर इलाज कराने के लिए मेडिकल व्यय की प्रतिपूर्ति के अलावा डिसपेंसरी सुविधा, ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (स्वयं के लिए, पति या पत्नी और पात्र आश्रितों के लिए दो वर्ष में एक बार)।

आवास, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तूओं , पर्सनल कम्प्यूटर, आदि के लिए ब्याज की रियायती दरों पर ऋण और अग्रिम। भर्ती कर लिए गए उम्मीदवारों को ग्रेच्युटी के अलावा निश्चित अभिदान वाली नवीन पेंशन स्कीम से नियंत्रित किया जाएगा। इस पद के लिए कुल वेतन और भत्तों के साथ देय परिलब्धियों को मिलाकर (आवास के अलावा) बैंक पर ₹ 2,15,715 वार्षिक की लागत आती है।

- ii) चयनित उम्मीदवारों को आरंभ में बैंक के उसी भर्ती क्षेत्र स्थित कार्यालय में पोस्ट किया जायेगा, जिसमें उन्होंने आवेदन किया था।
- iii) तथापि, प्रशासनिक जरूरतें होने पर सहायक के रूप में चयनित उम्मीदवारों को पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण क्षेत्र में समूहित और वर्गीकृत कार्यालयों में स्थानांतरित किया जा सकता है, इन चारों क्षेत्रों में कार्यालय इस प्रकार हैं:

(क) अहमदाबाद, भोपाल (रायपुर सहित), मुम्बई (बेलापुर सहित) नागपुर, पुणे और पणजी - पश्चिमी क्षेत्र।

(ख) बैंगलुरु, चेन्नै, हैदराबाद, कोच्चि और तिरुवनंतपुरम - दक्षिणी क्षेत्र।

(ग) चंडीगढ़ (शिमला सहित), जयपुर, जम्मू/श्रीनगर, कानपुर, लखनऊ (देहरादून सहित) और नई दिल्ली - उत्तरी क्षेत्र।

(घ) भुवनेश्वर, गुवाहाटी (पूर्वोत्तर के सभी राज्यों सहित), कोलकाता और पटना (रांची सहित) - पूर्वी क्षेत्र ।

**5. आवेदन शुल्क (लौटाया नहीं जाएगा) :**

₹ 100/- (केवल सौ रुपये)। अजा/अजजा उम्मदीवारों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं है। एक बार भुगतान कर दिए गए शुल्क को किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा ।

**6. आवेदन कैसे करें**

- i) आवेदन (प्रथमतया A 4 आकार के कागज़ पर टाइप किया हुआ) में उम्मीदवार का संक्षिप्त बायोडाटा निम्नलिखित के संबंध में होना चाहिए:

  i) पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) (ii) पूरा आवासीय पता (iii) जन्म-तारीख (iv) जन्म स्थान (v) शैक्षिक अर्हता (vi) विद्यालय/महाविद्यालय का नाम, जहां अंतिम अध्ययन किया गया हो (vii) तकनीकी अर्हताएँ, यदि कोई हो (viii) रोज़गार कार्यालय रजिस्ट्रेशन संख्या (यदि कोई हो) (ix) क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग से हैं (प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपियां संलग्न करें) (x) खेलों में प्रवीणता - (क) खेल का नाम (ख) विशिष्टता (ग) खेल कार्यक्रमों में प्रतिभागिता (खेल कार्यक्रमों के विवरण के साथ उसमें किए गए प्रतिनिधित्व के प्रकार का उल्लेख) (xi) पूर्व एवं वर्तमान रोजगार के विवरण (xii) आवेदक के हस्ताक्षर एवं तारीख ।
- ii) पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो आवेदन पत्र पर दाहिने ओर ऊपरी कोने में चिपकाया जाना चाहिए।
- iii) आवेदनों के साथ प्राप्त आर्हताओं से संबंधित प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपियां संलग्न की जानी चाहिए। खेल प्राधिकरणों जैसे जिला/राज्य खेल एसोसिएशनों द्वारा जारी प्रवीणता/प्रतिभा प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपियां संलग्न की जाएं। स्पोर्ट्स क्लबों से संस्तुति-मात्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोई भी मूल प्रमाण-पत्र न भेजा जाए।
- iv) सही प्रकार से पूरे भरे गए आवेदनों को सामान्य डाक से क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, भर्ती अनुभाग, संबंधित केन्द्र को भेजा जाए जहां आवेदन प्रस्तुत किया जाना है । आवेदन के साथ उचित शुल्क संलग्न होना चाहिए जो कि ''भारतीय रिज़र्व बैंक'' के पक्ष में Account Payee Demand Draft (डीडी) के रूप में हो और संबंधित केंद्र पर देय हो जहां आवेदन प्रस्तुत किया जाना है । आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर ''खिलाड़ियों की भर्ती के लिए'' लिखा जाना चाहिए।
- v) आवेदनों को बैंक के भवन के उक्त पते पर शनिवार, रविवार एवं छुट्टियों को छोडकर सभी साप्ताहिक दिनों पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मौजूद एक विशेष बॉक्स में भी डाला जा सकता है ।
- vi) अधूरे आवेदनों/उल्लिखित अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

**7. अंतिम तारीख :**

**आवेदन बैंक में 15 अप्रैल 2013 को या इससे पहले प्राप्त हो जाने चाहिए।**

**8. सामान्य नियम / अनुदेश :**

- i) सभी शैक्षणिक योग्यताएं भारत के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए। यदि अंकों के स्थान पर ग्रेड दिए गए हैं तो उम्मीदवारों को चाहिए कि वे ग्रेड का अंकिय समकक्ष स्पष्ट रूप से बताएं।
- ii) उम्मीदवार स्वयं को संतुष्ट कर लें कि जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हों, वे उसके लिए पात्र हैं।
- iii) आवेदन के लिए पात्रता के बारे में सलाह देने के लिए उम्मीदवारों के किसी भी अनुरोध पर बैंक विचार नहीं करेगा।
- iv) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को उनके निवास/कार्य करने के स्थान में से जो भी समीप हो वहां से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिए सबसे कम दूरी वाले रेलवे मार्ग से रेलवे के वास्तविक II-AC किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी।
- v) ऐसे उम्मीदवार जो पहले ही सरकारी/अर्द्ध सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में नौकरी पर है, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। हालांकि, भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले अपने नियोक्ता से समुचित कार्यमुक्ति का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
- vi) किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।
- vii) पात्रता, परीक्षाओं के आयोजन, साक्षात्कार, आकलन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हक मानकों के निर्धारण, रिक्तियों की संख्या और परिणामों को सूचित करने के बारे में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा, और इस बारे में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
- viii) इस विज्ञापन की वजह से यदि कोई विवाद पैदा होता है तो वह केवल मुम्बई में स्थित न्यायालयों के एकल अधिकार क्षेत्र में ही निपटाया जाएगा।